सुविचार
अच्छाई और सच्चाई चाहे पूरी दुनियाँ में ढूँढ लो, अगर खुद में नहीं है तो कहीं नहीं मिलेगी..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 7, अंक-43 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 2 दिसंबर 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

## क्या है स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार' जानिए/fundamental of Right....



-लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

स्वतंत्रता के अधिकार को मूल अधिकारों में सबसे सर्वोच्च अधिकार माना जाता है, क्योंकि स्वतंत्रता ही जीवन है क्योंकि इस अधिकार के अभाव में मनुष्य के लिए अपने जीवन का विकास करना संभव नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 से 22 तक भारत के प्रत्येक नागरिकों को स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है लेकिन भारत के नागरिकों को संविधान द्वारा पूर्ण स्वतंत्रता नहीं दी गई है क्योंकि हमारा देश भारत के संविधान द्वारा प्रजात्रात्मक, लोकतांत्रिक, एवं कल्याणकारी राज्य की स्थापना करता है इस लिए अनुच्छेद 19 में मिलने वाले स्वतंत्रता के अधिकार पर अनुच्छेद 19(2) के अंतर्गत कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं जैसे कि भारत की प्रभुता एवं अखंडता को प्रभावित करने पर, राज्य की सुरक्षा को प्रभावित करने पर, विदेशी देशों के मंत्री संबंध को प्रभावित करने पर, लोक व्यवस्था-लोक शांति आदि को प्रभावित करने पर, शिष्टाचार-कदाचार,मानहानि को प्रभावित करने पर, न्यायालय की अवमानना पर, किसी अपराध को उकसाने पर, आम नागरिकों के हितों को प्रभावित करने पर एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति जनजाति के सदस्यों के हित का संरक्षण प्रभावित करने पर या इनके बारे में गलत बोलने पर भारतीय संविधान प्रतिबंध लगाता है।

भारतीय संविधान अधिनियम ,1950 के अनुच्छेद 19 में मिलने वाले नागरिकों के मौलिक अधिकार जानिए-

(क). वाक् स्वतंत्रता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता(बोलने का अधिकार)।

(ख) . शांति पूर्ण तरीके से सम्मलेन करने को स्वतंत्रता।

(ग). संस्था, संघ, संगठन एवं सहकारी समितिया बनाने की स्वतंत्रता।

(घ) ). भारत राज्य क्षेत्र में कही भी भ्रमण करने की स्वतंत्रता।

(ङ). भारत के राज्य में कही भी निवास करने की स्वतंत्रता।

(छ). व्यापार, कारोबार, कोई व्यवसाय, उप-जीविका शुरू करने की स्वतंत्रता।

इस प्रकार भारतीय नागरिकों को अनुच्छेद 19(1) के अंतर्गत छः प्रकार की स्वतंत्रता प्रदान की गई है एवं अनुच्छेद 19(2) में इन स्वतंत्रता पर लोकहित को ध्यान में रखते हुए कुछ रोक लगाई गई है।

### मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान बैतूल के कार्यक्रम की समीक्षा

## ऐसा कार्यक्रम हो कि प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग उदाहरण बनेः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नर्मदापुरम संभाग के बैतूल में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के स्वीकृति पत्र वितरण के पहले कार्यक्रम को उच्च स्तरीय और बेहतर स्वरूप में किया जाए। स्थानीय जन-प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम ऐसा हो कि प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग उदाहरण बने। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के तहत बैतूल में होने वाले कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बैतूल में होने वाले कार्यक्रम में नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिलों बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम की हर पंचायत को वर्चुअली जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने तीनों जिलों के कलेक्टर्स से कार्यक्रम की तैयारियों संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए




आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्रों का वितरण हो। नगरीय निकायों के वार्डों में जहाँ कार्यक्रम हों वहाँ पार्षदों और अन्य जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरित हों। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण अवश्य हो, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम से जुड़ सकें।

## वकील पर हमला करने वाले ए एस आई रिपुदमन भदौरिया को निलंबित कर उचित जाँच पुलिस कमिश्नर महोदय से की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक शिवप्रसाद अहिरवार ने एक प्रेस नोट जारी कर पुलिस कमिश्नर महोदय से मांग कीं है कि रिपुदमन भदौरिया के द्वारा अधिवक्ता की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज हुआ है परंतु रिपुदमन भदौरिया के द्वारा वकील सुदामा अहिरवार पर चार घंटे बाद अपनी बेटी से छोला मंदिर थाना मे झूठा प्रकरण पंजीबद करवा दिया जिसकी निष्पक्ष जांच करवाकर उक्त काउंटर प्रकरण का खत्मा खारिज की कार्यवाही की जाए कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने बताया है की दिनांक 16/11/2022 को एएस आई रिपुदमन भदौरिया के द्वारा अधिवक्ता सुदामा अहिरवार के उपर तलवार से सिर पर जान लेवा हमला कर दिया था सुदामा अहिरवार के सिर पर गंभीर चोटें आयी थी ओर पीपुल्स अस्पताल में इलाज चला था लेकिन जानकारी के अनुसार 24 घंटे तक संबंधित थाने के अधिकारीयो ने कोई एफाईआर दर्ज नहीं की थी जब सोशल मीडिया पर खबर चलने पर जिला वार कीं ओर से थाना प्रभारी को उक्त मामले को संज्ञान में आया तो दिनांक 17/11/2023 को अपराध क्रमांक 559/2022 के अंतर्गत धारा 294,323,506,324,12- वी एवं एससी एसटी एक्ट की मामूली धाराओं में अपराध पंजीबद किया गया है जबकि एएस आई रिपुदमन भदौरिया के द्वारा जानबूझकर आशय रखते हुये धार दार तलवार से जान से मारने की नियत से वकील सुदामा अहिरवार पर हमला किया गया था प्रथम दृष्ट्या धारा धारा 307 के



अधीन का मामला बनता है भले ही मेडीकल रिपोर्ट कुछ भी हो क्योंकि आरोपी का आशय जान से मारने की नियत से वकील सुदामा अहिरवार पर हमला किया गया था जिसका वीडियो घटना स्थल पर निर्मित हुआ है ओर थाने में भी उपलब्ध है!

कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने कहा है कि जब एएस आई रिपुदमन भदौरिया के ऊपर मामला पंजीबद हुआ तो अपने बचाओ के लिये गलत तरीके से थाना छोला के अधिकारीयो को विश्वास में लेकर इस आशय की एफाईआर अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज करायी गयी उक्त हमले मे बीच बचाव करने उनकी बेटी आयी तो उनके साथ छेड़खानी की गयी है! बडी सामान्य ज्ञान की बात है कि जब कोई हमला किसी के उपर हो रहा हो ओर किसी के हाथ में तलवार हो तो वह किसी लडकी को छेड़ने के लिये नहीं बैठेगा जबकि अपने उपर जान लेवा हमला हो रहा हो उसका बचाओ करेगा इससे प्रतीत होता है कि थाना छोला मे असत्य आधारों पर बिना दस्तावेज प्रमाण किये एवं घटना की तस्दीक़ किये ही एफाईआर दर्ज की गयी है ! इससे यह संदेह उत्पन्न होता है की मामला गंभीर है ! माननीय पुलिस कमिश्नर जी से आग्रह है कि उक्त मामले की जांच करा कर विवेचक को तत्काल प्रभाव से हटाकर किसी अन्य विवेचना अधिकारी थाना छोला के बाहर का हो ओर आपकी निगरानी में निम्न विंदु पर जाँच होना चाहिए श्री पुलिस कमिश्नर जी मांग करता हूँ कि घटना दिनांक को घटना स्थल ओर उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकाली जायें जिससे स्पष्ट हो की वास्तविकता मामला क्या है घटना दिनांक के दिन उसकी बेटी क्या घटना स्थल पर मोजुद थी या नहीं इसकी जांच हेतु समस्त कथन ओर सीसी टीवी फुटेज निकाली जायें यदि उक्त शिकायत एएस आई रिपुदमन भदौरिया के द्वारा की गई झूठी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध झूठी एफाईआर दर्ज करने के लिये प्रत्यक्ष एफाईआर दर्ज करे तथा विभागीय जांच करा कर तत्काल निलंबित करे ओर मामले की जांच होने तक उनको मुख्यालय भोपाल से बाहर करे एवं धारा 307का इजाफा करावे व एएस आई रिपुदमन भदौरिया के द्वारा जो शिकायत की गई है उसकी किसी वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए उक्त पुलिस अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही कराई जाए ओर उक्त संबंध मे जो भी कार्यवाही की जावे जिला अभिभावक संघ भोपाल को अवगत कराये यदि इस मामले मे वकील सुदामा अहिरवार गलत तरीके छूठे पाए जाते हैं तो उन पर भी उचित जाँच करा कर विधिवत नियम अनुसार कार्यवाही होना चाहिए।

## धान खरीदी केन्द्र पचामा में यथावत रखा जाने ग्रामीणो ने एसडीएम गाडरवारा को सोपा ज्ञापन



**पचामा धान खरीदी केन्द्र पर ही किसानों की धान खरीदी हो।**

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**सालीचौका रोड।(गाडरवारा)।** जिला नरसिंहपुर सेवा सहकारी समिति पचामा के अंतर्गत ग्राम पचामा एवं ग्राम भटरा की समर्थन मूल्य पर धान एवं गेहूं की खरीदी विगत वर्षो से लगातार होती आई है, इस वर्ष भी पचामा में ही खरीदी होने की उम्मीद थी। लेकिन समाचार पत्र के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार पचामा ग्राम की समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्र स्वर्ण परी वेयर हाउस सालीचौका पोणार तिराहा किया गया है, जो किसानो की सुविधा के हिसाब से उचित नहीं है। ग्राम पचामा एवं भटरा में सर्वाधिक और प्रत्येक किसान धान उत्पादन करते हैं, वेयर हाउस में कड़कड़ाती ठंड में किराए के ट्रेक्टर ट्राली में कई दिनों तक लाइन लगाने से किसानो को गम्भीर परेशानी से गुजरना पड़ेगा।

साथ ही उक्त वेयर हाउस के मुख्य रोड पर गन्ना मिल की ट्रालियों से जाम लगता है। कल इस संबंध में एस डी एम मैडम से बात कर समस्या से अवगत कराया गया है उन्होंने इस संबंध में शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया है। को पचामा एवं भटरा के ग्रामीणों ने सरपंच सहित लिखित ज्ञापन सोपकर स्वर्ण परी वेयर हाउस की जगह ग्राम पचामा में ही केन्द्र संचालित करने की मांग की है। एसडीएम द्वारा उक्त मांग अनुसार कार्यवाही कर पचामा में खरीदी का आश्वासन दिया है शीघ्र आदेश की प्रतीक्षा में ग्रामवासी हैं ।

## नरसिंहपुर जिले से किसान नेता बृजमोहन कौरव ने मंच से रखी बात।

**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली की तमाम बॉर्डर को घेरते हुए मोदी सरकार द्वारा तीन काले कृषि कानून लाए गए थे जिन्हे किसानों के संगर्ष के आगे घुटने टेकते हुए किसानों से माफी के साथ बापिस लेने बाध्य होना पड़ा और शेष मांगें एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश अनुसार ष्ट2+50के आधार पर समर्थन मूल्य घोषित करने, 5किसानो एवं 1पत्रकार की हत्या के लिए जिम्मेवार ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी की बर्खास्तगी एवंगिरफ्तारी, बिजली बिल की बापसी, किसानों पर बनाए गए प्रकरण वापिस लेने सहित अन्य मांगो के निराकरण हेतु लिखित आश्वासन के बाद एक वर्ष से अधिक समय तक कोई ध्यान न देकर मोदी एवं शिवराज सरकार किसान मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर बरबादी की ओर धकेल रही है। मोर्चे ने राष्टीय मांगो का




मांगपत्र महामहिम राष्टपति के नाम दिया एवं प्रदेश के हर जिले की स्थानीय समस्याओं संबंधी ज्ञापन राज्यपाल के नाम देकर कार्यवाही की मांग की है। मध्य प्रदेश में 20किसान संगठनो ने शिरकत करते हुए भोपाल के शाहजहानीबाद पार्क में एकत्रित होकर एक आमसभा की जिसे विभिन्न संगठनो के नेताओं ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा किस तरह की



नीतियां लाकर किसान मजदूर कर्मचारी को बर्बाद कर रही हैं। नरसिंहपुर जिले से मध्य प्रदेश किसान सभा , स्वतंत्र किसान संगठन की भागीदार रही, जिले से सभा के अध्यक्ष मंडल में किसान सभा से जगदीश पटेल एवं स्वतंत्र किसान संगठन से ब्रजमोहन कौरव को स्थान दिया गया।नरसिंहपुर जिले से ब्रजमोहन कौरव द्वारा अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री एवं कुछ किसान संगठनो को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शिवराज सिंह जी नकली किसानो के बीच तो आए थे, मुर्दा जेसो के बीच में तालियां बटोरी गई,आज असली किसान जगे हुए किसान वास्तविक समस्याएं लेकर आए हुए हैं हमारे बीच में आएं, आप जितने दूर भागोगे उतने जल्दी किसान भी तुम्हे दूर भगाने में देर नहीं करेगा । सभा का संचालन अखिल भारतीय किसान सभा के नेता बादल सरोज एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अशोक तिवारी द्वारा किया गया। सभा के उपरांत रैली के रूप में किसानों ने मार्च शुरू किया आगे चलकर पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने जबरजस्त बेरिकेटिंग की गई, पुलिस और नेताओं के बीच घंटो ज्ञापन लेने को लेकर बस एवं किसानो ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, अंत में एक प्रतिनिधिमंडल का तय हुआ जो राजभवन जाकर प्रमुख अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आए। संयुक्त किसान मोर्चे ने दिल्ली में हुए आन्दोलन को पुनः लगातार जारी रखने का संकल्प लिया।

# 29 नवम्बर 2022 को श्रीमान तहसीलदार महोदय को दिया आवेदन

## संत रविदास समन्वय भवन हेतु भूमि आवंटित करवाने बाबत

**युवा प्रदेश ❑ उदयपुरा**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि वार्ड क्रमांक 09 तला मोहल्ला, शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के पास, उदयपुरा, जिला रायसेन (मध्य प्रदेश) में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज का गुरुद्वारा निर्माणाधीन है। जिसके लिए नगर के प्रमुख सामाजिक लोगों ने पिछले 20 साल पहले जगह निर्धारित की है। जिसकी विधिवत कार्यवाही लिखित में और मौखिक रूप से कई बार पूर्व में समय-समय पर प्रशासन से की गई है। इसके बावजूद उक्त गुरुद्वारा की भूमि को किसी व्यक्ति विशेष को मकान बनाने के लिए जबरजस्ती आवंटित की जा रही है और उसका मकान बनवा रहे हैं। जिसमें चूना भी डलवा दिया गया है। अर्थात समाज में शांति व्यवस्था भंग करने का दुस्साहस किया जा रहा है जो कि समाज हित में नहीं है। इससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। क्योंकि संत रविदास जी महाराज विश्व प्रसिद्ध श्रेष्ठ संतों में से एक हैं। संत रविदास जी






श्रद्धा का केंद्र बिंदु हैं। अतः निवेदन है कि उक्त भूमि को किसी व्यक्ति विशेष को आवंटित न की जाए बल्कि संत शिरोमणि रविदास समन्वय भवन के लिए आवंटित की जाए। जोकि समाज के काम आएगा। आवेदन प्रस्तुत करते समय अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष अतरसिंह भारतीय, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील संयोजक सीताराम नरवरिया, पूर्व पार्षद धनराज नरवरिया, वरिष्ठ समाज सेवी कमलेश ठेकेदार, बालकृष्ण नरवरिया, हरिनारायण, विनोद, हरीश के अलावा अन्य सैंकड़ों लोगों मौजूद रहे।

# भीम आर्मी,अजाक्स, ने नवोदय विद्यालय बाड़ी प्राचार्य जीतेन्द्र मिश्रा के विरोध में प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**बाड़ी।** दिनांक 30 नवंबर 2022 दिन बुधवार को अजाक्स, भीम आर्मी , ओबीसी महासभा एवं बहुजन समाज के लोगो ने मिलकर 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़ी जिला रायसेन के प्राचार्य जितेंद्र मिश्रा द्वारा भारतीय संविधान एवं डॉ बी.आर.अंबेडकर जी को अपमानित कर कहा गया की बाबा साहब अम्बेडकर जी ने संविधान की एक लाइन भी नहीं लिखी संविधान की प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने लिखा है अध्ययनरत बच्चों को इस प्रकार की गलत एवं भ्रमात्मक जानकारी दी गई । जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है । जिससे बहुजन समाज के लोगो की भावनाए आहत हुए ओर समाज में काफी आक्रोश है जिसके विरोध आज बाड़ी में संत रविदास मंदिर पर सभा संबोधित कर तहसील कार्यालय में एस.डी.एम मुकेश सिंह, तहसीलदार संजय नागवंशी, थाना प्रभारी अमरेश वोहरे को थाने जाकर अजाक्स ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत मालवीय द्वारा ज्ञापन का वाचन कर सौंपा गया ।

प्राचार्य जितेंद्र मिश्रा के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए एफ.आई.आर करने एवं शासकीय सेवा से निष्कासित करने की मांग की जिसमें एस.डी.एम बरेली एवं थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया की 24 घंटे के अंदर जांच करके निष्पक्ष कारवाही को जाएगी । आक्रोशित लोगो ने चेतावनी देते हुए कहा की दिए हुए समय के अंदर कारवाही नहीं की गई तो पूरे राष्ट के अंदर भीम आर्मी , अजाक्स ओर तमाम बहुजन समाज के संगठन के लोग आंदोलन करेंगे जिसका ज़िम्मेदार शासन प्रशासन होगा। प्रदर्शन में रायसेन की तमाम तहसीलों से बड़ी संख्या में भीम आर्मी, अजाक्स ओबीसी महासभा,



रजक समाज, अहिरवार समाज ,वाल्मीकि समाज वंशकार समाज, के तमाम लोग एकत्रित हुए । अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष जी.एल बरगले, यशवंत मालवीय ब्लॉक अध्यक्ष अजाक्स संघ बाड़ी, गोपाल सिंह उइके संभागीय सचिव,सुंदरलाल बरखने तहसील अध्यक्ष अब्दुल्लागंज,कमलेश अहिरवार शिक्षक,सुरजीत दिवाकर,राजेन्द्र इरपाचे ,अशोक उइके । भीम आर्मी से राकेश अंबेडकर भीम आर्मी जिला प्रभारी पप्पू परिहार नगर अध्यक्ष आलीवाडा जिला महासचिव बालमुकुंद अहिरवार जितेंद्र बघेल बलवंत अहिरवार अजय अहिरवार महेंद्र अहिरवार खरगोन से बलराम अहिरवार सांची ब्लॉक से गजराज सिंह जिला कोषाध्यक्ष भीम आर्मी, मंटू सूर्यवंशी,राकेश बौद्ध,अभिषेक बोद्ध,श्रीकिशन अहिरवार,नितिन बौद्ध,रितिक बौद्ध ,शिवम् बौद्ध,राजेश बौद्ध,गैरतगंज से नीलेश चोधरी जिला सह संयोजक भीम आर्मी , रामबाबू अहिरवार,धर्मेन्द्र अहिरवार, पुरन सिंग ,खरगोन से बलराम अहिरवार तहसील अध्यक्ष खरगोन, दौलत सिंह उपसरपंच खरगोन,संतराम राठौरया ,ओमकार सिंह संजय, अहिरवार समाज संघ से गोपीलाल अहिरवार प्रदेश संगठक , हेमंत चौधरी जिला अध्यक्ष , लखनपाल,सुरेश मांड्रे ,चैनसिंह सिसोदिया,उमेश, बकतरा से , अमित वंशकार एवम् उनकी पूरी टीम बाड़ी से पोहोप सिंग अध्यक्ष, देवेश आजाद,सचिन,सौरभ, सिद्धार्थ,मनीष, ओ.बी.सी महासभा के राष्टीय अध्यक्ष तुलसीराम पटेल,एवं उनके साथ ओबीसी महासभा से राष्टीय महासचिव के.पी.पटेल, राष्टीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र साहू,राष्टीय युवा अध्यक्ष वरूण कुमार, राष्टीय किसान मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम मीना, राष्टीय सचिव रविंद्र साहू,कर्मचारी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशांत चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, रायसेन जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी केशव पटेल ,एवं तमाम सामाजिक बंधु उपस्थित रहे । जीतेन्द्र मूलनिवासी ने कहा महापुरषों या भारतीय संविधान का अपमान किया तो भीमाकोरेगांव दोहरा देंगे।

## बाबा साहब के संविधान और बहुजन मिशन के लिए मण्डीदीप रायसेन में संविधान दिवस मनाया




**रामेश्वर नरवरिया रायसेन**

**मण्डीदीप।** 22 गांव संत श्री रविदास मंदिर समिति मण्डीदीप के तत्वधान मे बडे हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया , जिसमें भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। और सभी बक्ताओ ने अपने अपने तरीके से बाबा साहब के संविधान के और बहुजन मिशन के लिए बात रखी। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रवि शंकर सूर्यवंशी जी ( संभाग अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भोपाल एवं अध्यक्ष 22 गांव रविदास मंदिर समिति मण्डीदीप),प्रकाश सूर्यवंशी जी ( संभाग प्रभारी भोपाल भीम सेना म प्र),सुरेश अहिरवार जी ( जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भोपाल),छोटे लाल अहिरवार (पूर्व सरपंच समरधा),डी के बघेल (जिला सह संयोजक भीम आर्मी रायसेन),विनोद अहिरवार (सचिव 22 गांव रविदास मंदिर समिति मण्डीदीप),दौलतराम अहिरवार ( अध्यक्ष रविदास मंदिर समिति गज्जू पिपलिया), प्रभूदयाल बौध्द (विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर बसपा),शनि वंशकार (नगर अध्यक्ष भीम सेना बररई), राजेश टेटवार (नगर अध्यक्ष असमं सतलापुर),ब्रजेन्द्र सिंह बघेल (विशेष समाजसेवी), संजय अहिरवार, विनोद चौधरी (कराटे चैम्पियन),हरि ओम अहिरवार,निर्भय दास अहिरवार,कमलेश वंथरिया,अजय अहिरवार, अन्य साथी उपस्थित रहे।

# संविधान विरोधी सरकार को हटाने और नये सांसद भवन का नामकरण के लिए देश के दलितों को आन्दोलन तेज करना होगा : डॉ. उदित राज



**मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रैली का आयोजन डॉ. उदित राज जी पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और जनजाति संगठनों के परिसंघ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसमें देश भर के प्रदेशों के दलित नेताओं की भारी संख्या में उपस्थित हुई। देश के संविधान को बदलने की आरएसएस की कूटनीति और मनुवादी सोच के आधार पर बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के द्वारा निर्मित भारतीय संविधान को बदलने की मंशा से दलितों, शोषितों को उनके हक अधिकारों को न दिये जाने का देश की सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों का अन्याय कर रही है। नये सांसद भवन का निर्माण किया जा चुका है। जिसका नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर न कर भारी गलत व नाइंसाफी सम्पूर्ण भारत की नही विश्व भर में रह रहे दलित वर्गों के साथ कर रहे है। दिनांक 28 नबम्वर 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सम्मानित पदाधिकारीगणों और परिसंघ नेताओं ने पुरजोर मांग की है कि हमारे देश के बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी जो कि देश में ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में आदरणीय महापुरुषों में से थे। जिनके नाम पर देश की पार्लियामेंट (नवीन) का नाम बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के नाम पर हो। ताकि सम्पूर्ण देश और दुनिया में रह रहे करोड़ों मूल निवासियों की आस्था के डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का सम्मान हो। पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और जनजाति के परिसंघ के डॉ. उदित राज जी ने आवाहन किया है कि ये सरकार निजीकरण, आरक्षण विरोध, बेगारी व बेरोजगारी पैदा कर दलित आदिवासियों के साथ घोर अन्याय कर रही है। आज पूरे देश में गरीबों के हाल बुरे है। मंहगाई चरम पर है, मेहनतकशों के हक में कोई योजना नहीं है, सैकड़ों लोगों की हर प्रदेश के जिलों में माली हालत है अधिकांश लोगों के भुखमरी जैसे हाल है। आगे डॉ. उदित राज ने बोला कि हमारी लडाई हमें स्वयं लडनी होगी। आन्दोलन के लिए आप हम सभी को एकजुट होकर आन्दोलन करना होगा। इसके लिए हमें इस घोर अन्यायी सरकार को ऊखाड भेंकने की भी तैयार होना होगा। उन्होंने आवाहन किया कि देश भर में रह रहे सभी अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों सहित पिछड़ा वर्ग के लिए भी संगठित होकर आन्दोलन करना होगा। इस







लड़ाई के लिए सभी को तन मन धन से सहयोग करना होगा। मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री ए. आर. सिंह जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के अनेकों जिला के प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सम्मानित पदाधिकारीगण रैली में शामिल हुये। श्री जयन्तीलाल जाटव एडवोकेट,श्री नरेंद्र चौधरी, मूलचन्द मेधोनिया, एस. एस. सूरवंशी जी, मनोज अहिरवार, आशाराम जी, भीमटे जी, मुकेश अहिरवार जी, राजकुमार गौतम जी, परमसुख शाक्य जी, ओमप्रकाश अहिरवार जी, चन्द्रभान खेमरे जी, कौशल प्रसाद अहिरवार जी, रघुनाथ नरबडे जी, रोहित अहिरवार इत्यादि प्रमुख सक्रिय लोगों ने रैली में शामिल होकर परिसंघ के आन्दोलन में सहयोग करने का संकल्प लिया। मध्यप्रदेश असंगठित कामगार प्रकोष्ठ परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष मूलचन्द मेधोनिया ने रैली को अपना भरसक समर्थन किया। तथा रैली में असंगठित कामगार प्रकोष्ठ परिसंघ भोपाल के सभी सदस्यों ने परिसंघ के हर आन्दोलन का साथ देने का संकल्प लिया।

## सागर में बंदूक की नाल साफ करते समय दबा ट्रिगर शादी समारोह में खाना बना रही महिला को लगी गोली

**सागर।** सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शादी समारोह में गोली चलने से एक महिला घायल हो गई। जिसे तत्काल ही इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। रहली थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गोली लगने से 45 वर्षीय बलेह गांव निवासी मंजू चौरसिया नामक महिला घायल हुई है। महिला शादी समारोह में खाना बनाने गई थी। घायल महिला ने बताया कि बेरखेड़ीकला गांव में तिवारी परिवार में शादी समारोह में वह अन्य महिलाओं के साथ खाना बनाने गई थी। खाना बनाने के बाद सभी के साथ बैठकर खाना खा रही थी।


**आवश्यकता**

**युवा प्रदेश नेटवर्क**

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी के श्री विलास वल्ले के नेतृत्व में आज ज्ञापन कलेक्टर भोपाल को देगें शामिल होने की गई अपील

मूलचन्द मेधोनिया भोपाल मोबाइल 8878054839

**भोपाल।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के लिए भोपाल उपाध्यक्ष श्री विलास वल्ले और सभी लोगों ने ज्ञापन सौपने हेतु सभी साथियों को आमंत्रित किया है। जिसमें सभी बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के अनुयायियों को कलेक्ट्रेट भोपाल पहुंचे। तथा संविधान निर्माता पूज्यनीय बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी का अपमान करने वाले प्राचार्य पर सक्त कार्यवाही होने के लिये ज्ञापन सौंपा जाएगा। अतः अधिक से अधिक संख्या में पहूँचने की अपील की गई है। आप सभी सम्मानित साथियों को सूचित किया जाता है की जवाहर नवोदय विद्यालय बाड़ी के प्राचार्य द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर जी एवं भारतीय संविधान का अपमान किया गया है । जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है । उक्त संबंध में आने बाली 29 नवंबर 2022 दिन मंगल वार को समय 2 बजे महामहिम राष्ट्पति के नाम कलेक्टर महोदय के द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा । एफ.आई.आर करने की मांग की जाएगी । ताकि ऐसी मानसिकता के लोगो




को सबक मिल सके । अतः आप सभी बुद्धिजीवी वरिष्ठ जनो युवा साथियों से निवेदन है कि आप अधिक से अधिक संख्या में 29नवंबर को 2 बजे समय का ध्यान रखते हुए जिला मुख्यालय भोपाल पर ज्ञापन व प्रदर्शन हैं आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और इस मान सम्मान की लड़ाई को



मजबूत करे। हमारे महापुरषों का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । मान सम्मान की लड़ाई में न्यौता नहीं भेजा जाता जिसका जमीर जिंदा होता है ओ स्वयंम चला आता है । भीम आर्मी की तरफ से यह ज्ञापन कलेक्टर महोदय भोपाल को दिया जायेगा । भीम आर्मी के जिला रायसेन संयोजक जितेंद्र मूलनिवासी ने बताया कि 30/11/2022 को रायसेन कलेक्टर महोदय को भी ज्ञापन जायेगा। जिले में यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले ही उदयपुरा में बाबा साहब अम्बेडकर जी की पत्रिमा को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षति पहुंचाई थी जिनके आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से बाहर है। हम बहुजन समाज के लोग आखिर कब तक बर्दास्त करे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान पूरे बहुजन समाज का अपमान है।

## दो साल पुराने एसडीएम कालिख कांड के 21 आरोपी बरी

❑ भोपाल

छिंदवाड़ा के चौरई में तात्कालिक एसडीएम के मुंह पर कालिख पोतने के मामले में भोपाल की विशेष कोर्ट ने सभी 21 आरोपियों को बरी कर दिया है। मामला 18 सितंबर 2020 का था, कांग्रेस के नेता बंटी पटेल ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे थे, तो डीएम के साथ ज्ञापन देने को लेकर किसी बात पर विवाद हो गया, जिसके चलते उन्होंने अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ उनके मुंह पर कालिख पोत कर नारेबाजी शुरू कर दी। घटना के बाद एसडीएम ने पूर्व विधायक सहित अन्य 22 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, वही मामले में बंटी पटेल को मुख्य आरोपी बनाते हुए धारा 110 की कार्रवाई भी की गई थी, लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने बंटी पटेल से धारा 110 हटा ली थी और रासुका की कार्रवाई को रद्द कर दिया था। साल 2020 का यह मामला लगभग 2 सालों तक भोपाल के कोर्ट में चला यहां न्यायालय ने बुधवार को सभी आरोपियों को बरी करते हुए उन पर एक ?1000 का अर्थदंड लगाया।

## 28 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय परिसंघ की रैली सफलतापूर्वक संपन्न लाखों लोग उपस्थित हुए



युवा प्रदेश ❑ जबलपुर

अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ के राष्टीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ उदित राज जी के आव्हान पर अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारों की मांग की और नवनिर्मित संसद भवन का नाम भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम रखे जाने, बेरोजगारी दूर करने ,आरक्षण बचाने ,चुनाव में ईवीएम का उपयोग बंद करने, जैसी अन्य मांगों के संबंध में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 28 नवंबर 2022 को एक विशाल रैली का आयोजन हुआ जिसमें मध्य प्रदेश सहित पूरे देश के राज्यों से कर्मचारी अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता लाखों की संख्या में उपस्थित हुए मध्य प्रदेश जबलपुर से भी एक जत्था रैली में शामिल हुआ था जो 29 तारीख को वापस लौटा रैली का नेतृत्व परिसंघ प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया,जिलाध्यक्ष राजेंद्र कापसे सुखदीन कटारे, किशोरी लाल बढ़ेल, एम . एल. रैकवार, नरेश यादव डॉ0सत्येंद्र व्यवहार, राकेश ललपुरहा, ललपुरहा ,लक्ष्मण पारस ,अभिषेक ललपुरहा ,सुरेश बनोतिया, अंकुश कटारे आदि उपस्थित हुए।






## दिल्ली के नगर पालिक निगम (एमसीडी) वार्ड क्रमांक 165 मदनगीर की पार्षद उम्मीदवार डोली बैरवा के पक्ष में मतदान की अपील




**नई दिल्ली।** दिल्ली की यही पुकार कांग्रेस अबकी बार÷ के नाम दिल्ली में चारों ओर पार्षद उम्मीदवारों की धूम मची हुई है। भोपाल मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में श्री सीताशरण सूरवंशी जी, श्री मूलचन्द मेधोनिया जिला उपाध्यक्ष भोपाल जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग भोपाल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने नई दिल्ली की सक्रिय, ईमानदार प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 165 मदनगीर के वार्ड में पहुंच कर जन सम्पर्क किया मदनगीर के सम्मानित मतदाताओं से श्री सीताशरण सूरवंशी जी ने॰-1से॰-100 तक के मतदाताओं में श्री सुरेन्द्र उर्फ बब्बन सूरवंशी, अंकित सूरवंशी, सीमा सूरवंशी, सरिता सूरवंशी, परमजीत कौर, गोविंद सरदार, ईश्वर कुमार, अमित कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, इत्यादि के घर ङ्क घर जाकर कांग्रेस की प्रत्याशी डोली बैरवा को भारी मतदान करने का आशीर्वाद प्रदान करने का अनुरोध किया।



## झालावाड़ शहर में बहुजन समाज के लोगों ने मनाया संविधान दिवस

रामलाल रेगर

**झालावाड़ राजस्थान।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर संविधान दिवस के उपलक्ष में पुष्पमाला अर्पित कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर संविधान दिवसमनाया मनाने वालों में शामिल रहे धनीराम समर्थ सुमित कुमार बौद्ध मकसूद मंसूरी राम लाल रेगर कंवरलाल असनावर से राधेश्याम चांदोलिया पवन कुमार मेघवाल रामभरोस बहुजन समाज के आदि लोग मौजूद रहे।





# सागर जिले में जन आवाज मंच पर सामाजिक चिंतन संगोष्ठी आयोजित






युवा प्रदेश ❑ सागर।

सागर में अनुसूचित जाति जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित विभिन्न कर्मचारी व अधिकारी व सामाजिक संगठनों के साथ सामाजिक चिंतन संगोष्ठी में जन आवाज मंच की और से विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें शामिल होकर अपने विचार साँझा किये व सभी को एकजुट होकर पीड़ित वर्ग की समस्याओं को मिलकर हल करवाने हेतु सुझाव दिए इस अवसर पर सागर नगर निगम अध्यक्ष विन्द्रावन अहिरवार जी, पूर्व मंत्री श्री नारायण प्रसाद कवीरपंथी जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति शारदा खटीक जी,जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह उइके कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमति रेखा चौधरी ,जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट रामदास राज, आकाशवाणी के उद्घोषक श्री राजशेखर जी, भगवान गंज वार्ड पार्षकेद रामू ठेकेदार, मधुकर शाह वार्ड पार्षद ऋचा सिंह ,मकरोनिया पार्षद, कमल अहिरवार जी, गोंड महासभा के जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, अजाक्स के सम्भागीय अध्यक्ष अनिल लारिया जी,जिला अध्यक्ष गजेंद्र वोहत जी,महासचिव रामचरण अहिरवार, जन आवाज मंच की कोर टीम के साथी हरिदास अहिरवार जी,कार्यक्रम का संचालन डॉ कमलेश अहिरवार ने किया आभार रहली ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल कोरी ने किया।

# ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का वार्षिक अधिवेशन पूरी में संपन्न

कैलाश वर्मा






**बुढार।** गंगाधर चौधरी द्वारा ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन का वार्षिक अधिवेशन पूरी मैं आयोजित किया गया रेली का प्रारंभ बीएनआर क्लब से प्रारंभ होकर पूरी शहर का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए पूरी रेलवे स्टेशन के समक्ष सभा में परिवर्तित हुआ। इस ऐतिहासिक रैली, शोभा यात्रा का पुरी के चौक,चौराहों पर फूलों की वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया,जो देखते बन रहा था। रैली में हिंदुस्तान के 17 जोन एवं 7 उत्पादन इकाइयों के लगभग 50,हजार महिला एवं पुरुष सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शोभा यात्रा, रैली, पूरी रेलवे स्टेशन पर पहुंची जहां। खुला सत्र के माध्यम से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। खुला अधिवेशन के मंच पर ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के अध्यक्ष कन्हैया, महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा, रेलवे बोर्ड की मेंबर अलका अरोरा मिश्रा, ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सोनकर,डीआरएम रिंकेस राय, महिला विंग की राष्ट्रीय कन्वीनर प्रमिला सिंह,ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की मंत्री चंपा वर्मा, सहित 17 जोन के महामंत्री एवं अध्यक्षों ने भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर जोन के महामंत्री मनोज बेहरा, बिलासपुर डिवीजन के डिविजनल कोऑर्डिनेटर सी.नवीन कुमार, राजकिशोर चौधरी,के.अमर कुमार, के.के मोहती,एस. बंदोपाध्याय, संदीप चंद्रा, मुकेश कुमार,यूके बारीक, दीपक कुमार, राजकुमार, अनंत कुमार, संजय दास, राजेश डोंगरे, गिरजा शंकर पुरी, सहीत बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन से हजारों कार्यकर्ता ने भाग लिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने खुला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि रेल का निजीकरण किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं है। सरकार से 1974 के बाद कभी आर पार की लड़ाई नहीं हुई हैं,तो सरकार हमें पंगु न समझे।दोस्ताना व्यवहार के माध्यम से जो हमारी मांगे हैं वह मांगे सरकार पूरा करें। पुरानी पेंशन स्कीम को पुनः बहाल करें। आज हिंदुस्तान के रेलवे में 7~50 लाख गैर पेंशन कर्मचारी, समस्त भारत के एजेंसियों के 20 लाख कर्मचारी सहित पूरे हिंदुस्तान के सभी राज्यों के करोड़ों कर्मचारी पेंशन से महरूम हो रहे हैं। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है सरकार उनसे उनकी लाठी को ना छीने और छीनी हुई लाठी को पेंशन के रूप में वापस करें। रेल कर्मचारियों ने कोविड-19 के समय जब सब लोग घरों में बंद थे, रेल कर्मचारी और अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर काम किया। ऑक्सीजन गैस, फल, दूध आवश्यक वस्तुओं को जनसामान्य लोगों के पास रेल परिवहन के माध्यम से पहुंचाया,और माल रेलगाड़ियों का संचालन किया। जिसके कारण लगभग देश के विभिन्न जोनों के लगभग 3 हजार रेल कर्मचारी शहीद हुए। खुला अधिवेशन में शिव गोपाल मिश्रा ने उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए कहा कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की आप सब ताकत है जिस कारण सरकार या मंत्रालय हम को झुका नहीं सकता है। आने वाले समय में निश्चित रूप से आप सभी को इस अधिवेशन का लाभ मिलेगा,और जो हमारी मांग है की पुरानी पेंशन को पुनः बहाल कर दिया जाए सरकार पूरा करे।उन्होंने कहा कि ट्रैकमैन साथियों के लिए अंतिम स्लैब 24सौ 28सौ ना होकर 42 सौ तक कैसे पहुंचे इस विषय में हम जिम्मेदारी पूर्वक कार्यवाही में लगे हैं कि रास्ता कहां से बने। सभी विभागीय कर्मचारियों को डरने की नहीं, लड़ने की जरूरत है, बिना मांगे कुछ नहीं मिलता। 1974 की हड़ताल पर हम कब तक जीवित रहेंगे, यदि जरूरत पड़ा तो हम हड़ताल से पीछे नहीं हटेंगे।ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन संघर्ष की पर्याय है, संघर्ष हमारे खून में है। हम संघर्ष से घबराने वाले नहीं हम संघर्ष से रास्ता बनाने वाले लोग हैं। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आश्वस्त किया है कि जहां पर रेल कर्मचारी अपने कार्यों को दक्षता और कार्यकुशलता के साथ करते रहेंगे उन स्थानों पर कभी भी निजी करण या निगमीकरण नहीं किया जाएगा। खुला अधिवेशन को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया एवं मंच पर उपस्थित अतिथियों ने भी संबोधित किया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्रमिक यूनियन ब्रांच बुढार अनूपपुर अध्यक्ष नसीर राजा ने बताया खुला सत्र में सभी का स्वागत ईस्ट कोस्ट रेलवे श्रमिक यूनियन के महामंत्री पीके पाठसानी ने किया।

# 26 नवंबर 2022 संविधान दिवस पर बाबा साहब को किये श्रद्धा सुमन अर्पित



रामेश्वर नरवरिया

**रायसेन,** उदयपुरा बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गया। अहिरवार समाज के संस्थापक परम आदरणीय चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी एवं नगर परिषद उदयपुरा वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद शिव्वू लाल साहू जी, अतर सिंह भारती, की उपस्थिति में रमन बामने जी के द्वार वक्तव्य दिया गया उन्होंने कहा, 26 नवंबर, 1949 को संविधान के अंगीकरण के उपलक्ष्य में हर वर्ष 26 नवंबर संविधान दिवस को मनाया जाता है। भारत का संविधान भारतीय गणराज्य के लिए अंतिम शासी दस्तावेज होता है। यह सरकारी संस्थानों में निहित शक्तियों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है । संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं आओ संकल्प ले की हम देश के संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है। रमन वामने प्रवक्ता समण संघ भारत के साथ कमलेश ठेकेदार, बालकिशन नरवरिया जी, बलराम नरवरिया, जमुना प्रसाद नरवरिया जी व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा परम श्रद्धेय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# मध्यप्रदेश में लागू होने वाला है पेसा कानून क्या है जानिए/Legal advice....

लेखिका रागिनी सिंह।। आदिवासियों के संरक्षण में बनाया गया एक महत्वपूर्ण कानून हैं पेसा एक्ट,1996, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर आदिवासियों के हित में कहाँ गया है कि सम्पूर्ण प्रदेश में पेसा कानून पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा उससे पहले पेसा कानून को आदिवासी को समझाने के लिए जागरूक किया जा रहा है आइये हम आपको सरल शब्दों में बताते हैं कि क्या है ये पेसा कानून।

**पंचायत उपबंध(अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम,1996 अर्थात पेसा एक्ट,1996-?**

73 वाँ भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम,1992 में पंचायती राज्य की व्यवस्था की गई हैं, इसी संशोधन के नियम क्रमांक 02 में यह उपबंध हैं कि पंचायतों में महिलाओं एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए संख्या के आधार पर आरक्षित कर लाभ दिया जाए। इसी अधारशीलता पर पेसा एक्ट पारित किया गया है, यह अधिनियम भूरिया समिति की सिफारिशों के बाद 1996 में अस्तित्व में आया एवं 24 दिसम्बर 1996 को लागू किया गया इस अधिनियम में कुल पाँच धाराएं है ।

**पेसा अधिनियम कहाँ-कहाँ लागू है जानिए-**

संविधान की अनुसूचित पाँच में स्थित वो सभी अनुसूचित क्षेत्रों में यह अधिनियम लागू होगा वर्तमान में यह दस राज्यो में प्रभावी होगा-आंध्रप्रदेश,तेलगांना, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट, ओडिशा, एवं राजस्थान जो अनुसूचित क्षेत्रों की श्रेणी में आते हैं।

**अधिनियम का उद्देश्य, महत्व क्या है-?**

भारत में आदिवासी परम्परा, रीतिरिवाजों, संस्कृति आदि का संरक्षण करना एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह अधिनियम बनाया गया है इस अधिनियम के अंतर्गत ग्राम सभा में एक ग्राम समिति होगी उस समिति का अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति समुदाय का व्यक्ति होगा एवं ग्राम के महत्वपूर्ण निर्णय ग्राम समिति द्वारा लिए जाएंगे जैसे कि ग्राम पंचायत में होने वाले विकास, अनुसूचित जनजाति समुदाय की भूमि का संरक्षण करना, ग्राम में नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाना, बाजारों की देख रेख एवं ऋण वसूली आदि करना, बेरोजगारी के कारण गाँव छोड़कर पलायन करने वाले जनजाति समुदाय के व्यक्ति की जानकारी रखना आदि सभी अधिकार ग्राम सभा समिति के पास होंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह होगी कि ग्राम सभा समिति ग्राम की समस्याओं को सीधे राज्य सरकार के समक्ष भेज सकती है एवं समस्या का निदान प्राप्त कर सकती है इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी आदिवासी समुदाय के लोगों से ग्राम साहूकार बंधक मजदूरी नहीं करवा सकते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि आदिवासी समुदाय के अधिकारों एवं उनकी प्रथाओं, रीति-रिवाजों का संरक्षण करना इस अधिनियम का महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं।



**कानूनी जानकारी लेखिका रागिनी सिंह(इंदौर) मोबाईल 83490 39543**

# बड़े पर्दे पर धूम मचाने को तैयार पहली बघेली फिल्म बुधिया

❑रीवा

विंध्य क्षेत्र की लोकप्रिय बोली बघेली में बनी पहली फिल्म बुधिया को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे फिल्म निर्देशक शैलू दत्त ने बताया, अविनाश फिल्म के बैनर तले बनी बुधिया फिल्म रिलीज होने बाद रीवा और सतना जिले के सिनेमाघरों में हाउसफुल रही हैं। बता दें कि फिल्म में बुधिया का किरदार कॉमेडियन अविनाश तिवारी निभाए हैं। फीचर फिल्म बुधिया 2 दिसंबर को एक साथ सिंगरौली, सीधी, शहडोल, कोतमा, इंदौर, भोपाल, कटनी और जबलपुर जिलों के सिनेमाघरों में लगेगी। फिल्म पूरी तरह बघेली बोली में है, जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को भी प्रमोट किया गया है। साथ ही दत्त ने जिलेवासियों से फिल्म देखने की अपील की है। इस दौरान कलाकार बिरजू भाई, ध्रुव सिंह निदेशक आर्या पब्लिक स्कूल, रचनाकार अमित कुमार स्वतंत्र, सं य मिश्रा निदेशक सेंट्रल अकादमी स्कूल, गोपाल निगम निदेशक विवेक पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, विनय द्विवेदी, रवि तिवारी और अजय सिंह निदेशक ज्ञानोदय हायर सेकेण्डरी स्कूल उपस्थित रहे। फिल्म के मुख्य कलाकारों में अविनाश तिवारी के अलावा अन्नपूर्णा



द्विवेदी, शैलेंद्र दत्त, नवीन तिवारी शामिल हैं। फिल्म की कहानी अविनाश ने ही लिखी है, अविनाश ने बताया आर्थिक समस्या की वजह से फिल्म को एक साथ सभी जिलों के थिएटर में रिलीज नहीं कर सकते। यही कारण है कि यह फिल्म तीन स्टेप में रिलीज हो रही है। इस फिल्म को दर्शक इंदौर, भोपाल, जबलपुर, मुंबई और छत्तीसगढ़ के थिएटरों में देख सकेंगे। अविनाश लंबे समय से बघेली बोली में वीडियो बना रहे हैं। हास्य कलाकार और मूल रूप से यूट्यूबर के रूप में अविनाश ने एक्टिंग में अपने करियर की शुरूआत की। यूट्यूब पर बघेली में बने अविनाश के वीडियोज को जब काफी सराहना मिली तो पहली बघेली फिल्म को पर्दे पर रिलीज करने का हौसला मिला।

# 55 ट्रॉली अवैध रेत जप्त, दो जगहों पर भंडारित की जा रही थी, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

❑कटनी

कटनी जिले में बड़वारा तहसील क्षेत्र के विलायत कला ग्राम में रेत के भंडारण पर खनिज विभाग और राजस्व समेत पुलिस की संयुक्त टीम ने मिलकर छापेमारी कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 55 ट्रॉली अवैध रेत जप्त की है। खनिज इंस्पेक्टर अशोक मिश्रा ने बताया, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बड़वारा तहसील क्षेत्र के विलायत खुर्द महानदी घाट से कुछ लोगों द्वारा रेत निकालकर अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। तत्काल बड़वारा नायब तहसीलदार सुनील मिश्रा, पटवारी रजा खान और पुलिस टीम के साथ मिलकर मौके पर छापेमारी की। बता दें कि विलायत खुर्द ग्राम से 30 ट्रॉली और विलायत कला ग्राम से 25 ट्रॉली अवैध रेत का भंडारण जप्त किया गया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद पूरे मामले को जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि महानदी घाट से चोरी-छिपे रेत निकालकर खनन माफिया अवैध रूप से भंडारित कर लेते थे। इसके बाद फिर रात में ऑर्डर लेकर परिवहन करते थे। ग्राम पंचायत सरपंच ने खनिज विभाग को रेत के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के नाम बताए हैं, जिनके आधार पर पुलिस और खजिन विभाग की टीम जांच कर रही है। कारोबारियों का पता लगने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। विलायत खुर्द के सरपंच विजय नारायण सिंह के मुताबिक, लकी पांडे, अखिलेश पांडेय और श्यामलाल कुशवाहा विलायत



कला के द्वारा अवैध रूप से रेत का कारोबार किया जा रहा था। रेत निजी भूमि विशेश्वर रामदास की जमीन से मिली है। बिलायत कला में खसरा क्रमांक 374/2 रमाशंकर तिवारी के जमीन से रेत जप्त की गई है। यह रेत मेसर्स विष्ठा सेल्स को सुरक्षा के लिए सौंपी गई है।

## संपादकीय

### शिवपाल पर भाजपा को शुरू से था शक इसीलिए पार्टी में नहीं किया गया था शामिल



राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। कभी-कभी तो राजनीति की पिच पर पारिवारिक कुनबे भी आपस में भिड़ जाते हैं। सिर-फुटव्वल पर उतारू हो जाते हैं। जनता ने यह नजारा हाल फिलहाल में कांग्रेस के गांधी परिवार से लेकर बिहार में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में पूर्व मुख्यमंत्री और अब दिवंगत नेता करुणानिधि, अपना दल के दिवंगत नेता सोने लाल पटेल और मुलायम सिंह की समाजवादी पार्टी में खूब देखा है। खासकर समाजवादी पार्टी में चचा-भतीजे के झगड़े ने तो खूब सुर्खियां बटोरी थीं। चाचा शिवपाल यादव और भतीजे एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के झगड़े में विपक्ष ने खूब चुटकियां ली थीं। एक समय तो भतीजे अखिलेश यादव से नाराज शिवपाल यादव के भारतीय जनता पार्टी तक में जाने की चर्चा शुरू हो गई थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने यादव कुनबे की अंदरूनी जंग में चाचा शिवपाल को समय-समय पर उकसाया तो खूब लेकिन कभी भी शिवपाल को बीजेपी ज्वाइन कराने के बारे में नहीं सोचा। क्योंकि भाजपा आलाकमान जानता था कि कुनबे के दबाव में शिवपाल कभी भी पलटी मार सकते हैं, तब बीजेपी की न केवल बदनामी होगी बल्कि सियासी तौर भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब यह साबित भी हो गया है कि बीजेपी सही सोच रही थी। मैनपुरी लोकसभा चुनाव से पूर्व चाचा शिवपाल यादव ने भतीजे अखिलेश यादव से दूरी मिटाकर एक तरह से उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। शिवपाल यादव ने पाला क्या बदला, भारतीय जनता पार्टी ने भी शिवपाल सिंह यादव से आंखें घुमाने में देरी नहीं की। शिवपाल को मिल रही सरकारी सुविधाओं में कटौती शुरू हो गई है तो उनके मंत्री रहते किए गए अनाप-शनाप फैसलों की जांच में तेजी लाई जा सकती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा जब जेड प्लस से घटाकर वाई कर दी गई तो वह मुख्यमंत्री योगी से मिले। इस मुलाकात के बाद उनकी सुरक्षा जेड कर दी गई। उसी वक्त सपा मुखिया अखिलेश यादव से अलग होने के बाद शिवपाल अपने राजनीतिक दल के कार्यालय के लिए भटक रहे थे। सरकार में उनकी बात हुई और उन्हें लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर दफ्तर के लिए बंगला मिल गया। छह साल बाद जब शिवपाल मैनपुरी में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए वोट मांग रहे हैं तो उनकी सुरक्षा फिर घटा कर वाई कर दी गई है। शिवपाल की सुरक्षा में भले 11 सुरक्षाकर्मी कम हुए हों, पर यह उन पर सरकार की 'कृपा' कम होने का भी संकेत है।

# वर्तमान चुनौतियों का समाधान लड़कर नहीं, मिलकर ही संभव

*हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।*

जी20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं?

हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गए। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का




सामंजस्य- हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है- हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए!आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है।

सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिए पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला %जन आंदोलन% बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी20 प्राथमिकताओं को; न केवल हमारे जी20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा।

हमारी प्राथमिकताएं; हमारी %एक पृथ्वी को संरक्षित करने, हमारे %एक परिवार में सद्भाव पैदा करने और हमारे एक भविष्य को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए हम भारत की जी20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरूप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

**-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री , भारत सरकार**

# राजस्थान में कांग्रेस की कमजोरियों का फायदा नहीं उठा पा रही भाजपा



राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वहीं मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है। पूनियां का कहने का आशय था कि राजस्थान में विधानसभा के जो उपचुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस पार्टी जीती है। भाजपा सिर्फ राजसमंद विधानसभा सीट का ही उपचुनाव जीत पाई है।

राजसमंद में भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी के निधन होने से उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट देकर भाजपा ने उपचुनाव लड़वाया था और दीप्ति माहेश्वरी चुनाव में जीत गई थीं। इसके अलावा अन्य सभी सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा की हार हुई थी। इतना ही नहीं भाजपा ने धरियावद से पार्टी विधायक गौतम लाल मीणा के निधन से हुए उपचुनाव में उनके बेटे कन्हैया लाल मीणा का टिकट काटकर खेत सिंह को चुनाव लड़वाया था। जहां भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के पूर्व विधायक नगराज मीणा के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने जितने भी विधानसभा उपचुनाव जीते, उन सभी सीटों पर मृतक विधायकों के परिवारजनों को ही प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति फैक्टर का फायदा उठाया था। जबकि भाजपा ऐसा करने में विफल रही। चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर भाजपा ने पूर्व में चार बार चुनाव लड़ चुके अशोक पिंचा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अशोक पिंचा एक बार 2008 में जीतने में सफल भी रहे थे। मगर उसके बाद लगातार हारते रहे हैं। हालांकि पिंचा ने उपचुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया था। मगर पार्टी नेतृत्व ने उन्हीं पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार दिया। सरदारशहर विधानसभा सीट भाजपा के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है। भाजपा प्रत्याशी यहां सिर्फ दो बार जीते हैं। 1980 में मोहनलाल चुनाव जीते थे। मगर उनके निधन पर 1982 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के केसरी चंद बोहरा जीतने में सफल रहे थे। 2008 में भाजपा के अशोक पिंचा चुनाव जीते थे। इसके अलावा सरदार शहर में भाजपा कभी कोई चमत्कार नहीं दिखा पाई थी। कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है। लालचंद मुंड जाट समाज से आते हैं तथा एक बार पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पिछले पांच साल से डेयरी चेयरमैन हैं तथा पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं।

# वर्चुअल दुनिया भी बढ़ा रही है अकेलापन, पांच राज्यों में आत्महत्या के 50 फीसदी मामले



हमारे घरों में अबोला पसरा है और परिवेश में आक्रोश। सामाजिक ताने-बाने से विश्वास रीत रहा है और पारिवारिक संबंधों में साथ-सहयोग का भाव नदारद है, साथ ही रोजगार हो या रोजमर्रा की आपाधापी, हर मोर्चे पर जीवन से जुड़ी परिस्थितियां भी कठिन ही हुई हैं। मन का बिखराव और जीवन का अर्थहीन विस्तार आज कटु सच बन गया है। आपाधापी की परिस्थितियों में कब किसका मन टूट रहा है, न कोई जानता है, न कोई जानना चाहता है।

ऐसे में आत्महत्या के बढ़ते मामलों की दुखद तस्वीर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में ताजा आंकड़ों में स्पष्ट दिख रही है। साल 2021 में देश भर में खुदकुशी के 1,64,033 मामले दर्ज किए गए। इस रिपोर्ट के अनुसार, कामकाजी परेशानियों से लेकर रिश्तों में अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक उलझनें, मानसिक समस्याएं, शराब की लत और वित्तीय नुकसान जैसे अहम कारण आत्महत्याओं के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। आत्महत्या के 50 फीसदी मामले देश के सिर्फ पांच प्रांतों-महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज हुए हैं। चिंतनीय यह भी है कि खुदकुशी के मामले साल-दर-साल बढ़ ही रहे हैं। देश में 2020 में आत्महत्या के कुल 1,53,052 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2021 में यह आंकड़ा करीब सात फीसदी बढ़ गया। इनमें गृहिणियां भी हैं और कामकाजी महिला-पुरुष भी। दिहाड़ी मजदूर भी हैं और किसान एवं युवा भी। हाल के वर्षों के ये आंकड़े समग्र समाज के समक्ष कई सवाल खड़े करने वाले हैं।

दरअसल, आभासी हो या असल दुनिया, औपचारिकता और दिखावे का मुखौटा पहने अधिकतर लोग भावनात्मक रूप से खुद को अकेला महसूस करते हैं। अपनों और अपने परिवेश के लोगों से संबल नहीं मिल पा रहा।

## नशामुक्ति अभियान की प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया

# नशे को लेकर जागरुकता बेहद जरुरी, यह सामाजिक बुराई : स्वास्थ्य मंत्री ड़ॉ चौधरी

❑रायसेन

वन परिसर में नशामुक्ति अभियान के तहत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी शामिल हुए। मंत्री प्रभुराम चौधरी ने लोगों से कहा कि नशा सामाजिक बुराई है, इससे मुक्ति के लिए सामाजिक जन जागरूकता बहुत जरूरी है। नशामुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

नशा करने से व्यक्ति का सामाजिक और आर्थिक जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। सामाजिक प्रतिष्ठा तो धूमिल होती ही है, साथ ही आर्थिक नुकसान होता है। नशा करने के बाद व्यक्ति का स्वयं पर नियंत्रण नहीं रहता





और कई बार अपराध कर देता है। नशा अनेक दुर्घटनाओं का कारण भी बनता है। घर-परिवार और लोगों के साथ लड़ाई-झगड़ा करते हैं। कलेक्टर अरविंद दुबे ने कहा कि नशामुक्ति के लिए जिले में अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। नशे का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी अमले ने लगभग 632 से अधिक प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई कर वाहन जब्त किए है। कलेक्टर ने मौजूद लोगों से कहा कि यदि उन्हें नशीले पदार्थो के बेचे जाने की जानकारी लगती है तो तुरंत पुलिस या सरकारी अमले को सूचित करें, जिससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

## दो दिनों से रात का पारा 7.4 डिग्री पर

**रायसेन।** रायसेन जिले में तेज ठंड ने रफ्तार पकड़ ली है जिससे लोग अब अलाव का सहारा भी ले रहे हैं वही बिना गर्म कपड़ों के बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस तेज ठंड को देखते हुए रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे के आदेश पर तीन दिन पहले ही स्कूलों का समय भी बदल दिया गया है जिससे छोटे बच्चों को अब 8:30 बजे स्कूल जाना है। बीते 2 दिनों का रात का तापमान 7.4 पर पहुंच गया है। जिले में वैसे तो पूरे 15 दिन से ठंड बढ़ी हुई है। इतना ही नहीं, एक सप्ताह से प्रदेश में सबसे ठंडे शहरों में शुमार है।



## मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान जारी मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को होगा

❑ सीहोर

वोटर लिस्ट के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के कार्यक्रम अनुसार वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा चुका है। अब वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने तथा आपत्तियों के आवेदन प्रस्तुत करने का क्रम जारी है। 26 दिसम्बर 2022 तक आवेदन पत्रों का निराकरण होगा तथा 5 जनवरी- 2023 को वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन होगा। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने की अर्हता तिथि अब वर्ष में चार दिनांकों में अर्हता तिथि रखी गयी है जो उस वर्ष की 01 जनवरी, 01 अप्रेल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर होगी। इससे उन निर्वाचकों को जो इन तिथियों में 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें अपना नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाने की पात्रता हो जाती है। आवेदक अब पूर्व से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं जो बाद में 18 वर्ष पूर्ण करेंगे। पूर्व में निर्वाचक के पत्नी के रिश्ते का उल्लेख था, अब उसके स्थान पर अब (पति/पत्नि) का प्रावधान किया गया है।

# महिलाओं का कार्यस्थल पर सुगम एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने प्रत्येक कार्यालय में समिति का गठन अनिवार्य

❑सीहोर

महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए राज्य शासन ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, प्रतितोष) नियम- 2013 निर्मित कर अधिसूचना जारी की गई है। विदित है कि महिलाओं का कार्यस्थल पर सुगम एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हुए मजबूत शिकायत तंत्र प्रावधानित किया गया है। इसके लिए प्रत्येक कार्यालय में शिकायत समिति होना अनिवर्य है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी विशाखा गाईडलाईन के तहत जहाँ प्रत्येक कार्यालय में शिकायत समिति का गठन होना है, वहीं इस अधिनियम के तहत प्रत्येक कार्यालय जहाँ 10 या 10 से अधिक महिला कर्मचारी होने पर आंतरिक समिति एवं प्रत्येक जिले में स्थानीय समिति का गठन किया जाता है। स्थानीय समिति में ऐसी महिलाएं शिकायत कर सकेंगी जो किसी भी कार्यालय में नियोजित नहीं है अथवा वहाँ शिकायत समिति गठित नहीं है। अधिनियम में कार्यस्थल को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इस अधिनियम में समस्त विभाग, संगठन, उपक्रम, मण्डल, निगम, कंपनी, स्थानीय प्राधिकरण, प्राइवेट सेक्टर प्राइवेट उद्यम, सोसायटी, न्यास, गैर-सरकारी संगठन, अस्पताल, खेलकूद संस्था, स्टेडियम एवं अन्य कोई निवासगृह अथवा गृह कार्यक्षेत्र के रूप में परिभाषित है ।

समस्त कार्यस्थल का प्रत्येक नियोजक आंतरिक समिति का गठन करेगा। अत: प्रत्येक कार्यालय में एक आंतरिक समिति का गठन किया जाये जिसकी अध्यक्ष कार्यालय की वरिष्ठ (पद में) महिला अधिकारी होगी। समिति में कम से कम महिला सदस्य एवं 01 पुरुष सदस्य होना अनिवार्य है। यह समिति का 3 वर्ष तक कार्य करेगी। समिति के अशासकीय सदस्यों को प्रत्येक बैठक के लिए नियम अनुसार मानदेय दिया जाये। समिति के गठन का सूचना पटल भी प्रत्येक कार्यालय में लगाया जाये। इस समिति के सदस्यों का समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करवाया जाये, जिससे वे अद्यतन जांच प्रक्रिया से अवगत हो सके। अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक जिला अधिकारी संबंधित जिले में स्थानीय समिति का गठन करेगा। सामान्य प्रशासन विभाग, मध्य प्रदेश शासन की अधिसूचना के तहत समस्त जिलों के अपर कलेक्टर (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत) को पदेन जिला अधिकारी अधिसूचित किया है। समिति के सदस्यों की नियुक्ति जिला अधिकारी द्वारा की जायेगी। इस समिति में महिला सदस्य एवं 01 पुरुष सदस्य होना अनिवार्य है। अधिनियम के अन्तर्गत यदि नियोजक आंतरिक समिति का गठन नही करता है, तो उसे राशि रूपये 50.000/- तक के जुर्माने से दण्डित करने का प्रावधान है। किया गया है।

# नपा ने स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने पर मांगा नागरिकों का सहयोग



❑मंडीदीप

नगरपालिका आगामी वर्ष 2023-24 में निकायों के बीच आयोजित की जाने वाली स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता के लिए अभी से तैयारियों में जुट गई है। इसी के अंतर्गत आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां वार्ड 11 स्थित रानी अवंती बाई पार्क में स्थापित रानी अवंती बाई की प्रतिमा सहित नगर में अन्य स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित जन समूह को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत स्वच्छता को लेकर निकाय क्षेत्र में जन जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य शहर को कचरा मुक्त करना, पॉलीथिन मुक्त बाजार का निर्माण एवं व्यापक रूप से नागरिकों को स्वच्छता अभियान से जोड़ना है। साथ ही समस्त नागरिकों से अपील की गई स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को नंबर वन बनाने हेतु समस्त नागरिकों का सहयोग आपेक्षित है। हम सभी बढ़-चढ़कर स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और नगर को देश में नंबर वन बनाएं। बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं व उद्यान की स्वच्छता रखने हेतु एक विशेष जनभागीदारी अभियान दल का गठन किया गया जिसका उद्देश्य उद्यान में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखाना है। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेम शंकर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, प्रेमशंकर शाहू, मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव समस्त पार्षद गण, महिला मंडल पदाधिकरी एवं नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोटर व्हीकल एक्ट उल्लंघन करने पर कार्यवाही के निर्देश निर्माण एजेंसियाँ मार्ग संकेतकों को तत्काल ठीक करायें

❑ सीहोर

मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश परिवहन आयुक्त एस.के. झा दिये हैं साथ ही सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को मार्ग संकेतक तत्काल ठीक करने के निर्देश दिये ।पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गए। ओवर-लोडेड , मादक पदार्थों का सेवन कर, शराब पीकर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति से, मोबाइल का उपयोग करते शत-प्रतिशत वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को सभी जिलों के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को बगैर हेलमेट के वाहन संचालन पर कार्यालय में प्रवेश प्रतिबंधित करने संबंधी निर्देश जारी करने को कहा गया। स्कूली पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी पाठ्य-सामग्री शामिल करने और उच्च शिक्षा विभाग में वाहन संचालन के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए। अवस्कों के वाहन संचालन पर नियमानुसार कठोरता पूर्वक रोक लगाने के निर्देश दिये ।समस्त सड़क निर्माण एजेंसियों को क्षतिग्रस्त मार्ग संकेतक आवश्यकता अनुसार सुधारने अथवा परिवर्तित करने के निर्देश दिये गए। रम्बल स्ट्रीप तथा खराब हो रही रोड मार्किंग को भी तत्काल ठीक करने को निर्देशित किया गया।







## सड़क चौड़ीकरण में बाधक बने डाकघर, विद्युत वितरण कंपनी और उत्कृष्ट विद्यालय को नोटिस

**गंजबासौदा।** स्वरूप नगर रेलवे फाटक से बरेठ रोड कालाबाग तक स्मार्ट सिटी योजना के तहत सड़क को दोनों तरफ आठ-आठ फीट चौड़ा करने में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने से पहले नगर पालिका सभी कानूनी और राजनीतिक तैयारियां पूरी करने में जुटी हुई है। चौड़ाई के लिए बाधक बनने वाले केंद्रीय डाकघर, बिजली वितरण कंपनी और शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सीमांकन के दौरान इन तीनों का सड़क भूमि पर अतिक्रमण पाया गया है।

# बारिश के कारण भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा वनडे भी रद्द, कीवी टीम ने 1-0 से जीती सीरीज

एजेंसी ❑क्राइस्टचर्च

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच भी बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया है। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैच की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 220 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में एक विकेट खोकर 104 रन बना लिए थे, लेकिन इसके बाद बारिश आ गई और आगे का मैच नहीं हो सका। मैदान गीला होने के बाद अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आखिरी मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने लगातार बारिश के बाद मैच को रद्द करने का फैसला किया है। यह मैच रद्द होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से अपने नाम की। इस सीरीज का पहला मैच न्यूजीलैंड ने सात विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे ओवर में भारतीय टीम 12.5 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बना पाई थी। तभी बारिश आ गई और आगे का मैच नहीं हो सका। वहीं, तीसरे मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 220 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 18 ओवर में 104 रन बना लिए थे, लेकिन कीवी टीम 20 ओवर नहीं खेल पाई थी। तभी बारिश आ गई। बारिश की वजह से आगे मैच में कोई गेंद नहीं फेंकी जा सकी और 20 ओवर का खेल नहीं होने के कारण डकवर्थ लुईस नियम भी नहीं लागू हो सका। इस वजह से यह मैच भी रद्द हो गया। इस मैच में भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर ने 51 और श्रेयस अय्यर ने 49 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए एडम मिल्ने और डेरिल मिशेल ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, बल्लेबाजी में फिन एलेन ने न्यूजीलैंड के लिए 57 और डेवोन कॉन्वे ने 38 रन बनाए।



बारिश के कारण मैच रुक गया है। अब तक न्यूजीलैंड ने 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए। 18 ओवर में एक विकेट खोकर 104 रन बना लिए हैं। फिन एलेन 57 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। वहीं, डेवोन कॉन्वे 51 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद हैं। कप्तान विलियम्सन ने सिर्फ तीन गेंद खेली हैं और अब तक उनका खाता नहीं खुला है। हालांकि, मैच में न्यूजीलैंड की पकड़ काफी मजबूत है और यह टीम डकवर्थ लुईस नियम के तहत आगे है, लेकिन एक वनडे मैच का नतीजा निकालने के लिए दोनों पारियों में कम से कम 20-20 ओवर होने जरूरी हैं। अगर आगे मैच नहीं हो पाता है तो इसे रद्द कर दिया जाएगा और कीवी टीम 1-0 से सीरीज अपने नाम करेगी। एक विकेट के नुकसान पर न्यूजीलैंड का स्कोर 100 रन के पार जा चुका है। अब डेवोन कॉन्वे के साथ कप्तान केन विलियम्सन क्रीज पर हैं। पहले विकेट के लिए कीवी टीम ने शानदार साझेदारी कर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में ला दिया है। 97 रन के स्कोर पर न्यूजीलैंड का पहला विकेट गिरा है। फिन एलेन अर्धशतक लगाने के बाद आउट हो चुके हैं। उमरान मलिक की गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने उनका कैच पकड़ा। फिन एलेन ने 54 गेंद में 57 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से आठ चौके और एक छक्का निकला।कीवी टीम के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने इस मैच में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। एलेन ने अपने अर्धशतक के लिए 50 गेंदों का सामना किया। वह अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगा चुके हैं। 16 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 93 रन है। न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 70 रन के पार जा चुका है। डेवोन कॉन्वे और फिन एलेन क्रीज पर जमे हुए हैं और बड़ी साझेदारी कर मैच में अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा चुके हैं।

न्यूजीलैंड की टीम ने बिना किसी नुकसान के 50 रन बना लिए हैं। डेवोन कॉन्वे और फिन एलेन शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को छोटे लक्ष्य के करीब ले जा रहे हैं। भारतीय टीम को मैच में बने रहने के लिए जल्द ही यह साझेदारी तोड़नी होगी। 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने धीमी शुरुआत की है। फिन एलेन और डेवोन कॉन्वे संभलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं और बड़ी साझेदारी करने की कोशिश कर रहे हैं। पांच ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के 15 रन है। भारत के 219 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी शुरू हो चुकी है। फिन एलेन और डेवोन कॉन्वे क्रीज पर हैं। दोनों संभलकर खेल रहे हैं और दो ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर बिना किसी नुकसान के दो रन है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 220 रन का लक्ष्य रखा है। वाशिंगटन सुंदर के रूप में भारत का आखिरी विकेट गिरा। टिम साउदी ने उन्हें टॉम लाथम के हाथों कैच आउट कराया। दूसरे छोर पर उमरान मलिक नाबाद रहे।

इस मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। धवन और गिल की जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। गिल 22 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हो गए। इस समय टीम का स्कोर 39 रन था। इसके बाद भारतीय टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कप्तान धवन 28, ऋषभ पंत 10 और सूर्यकुमार यादव छह रन बनाकर आउट हुए। इस बीच श्रेयस अय्यर ने एक छोर संभाला और 59 गेंद में 49 रन बनाए। अंत में वाशिंगटन सुंदर ने 64 गेंद में 51 रन की पार खेल भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। दीपक हुड्डा और दीपक चाहर ने 12-12 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए एडम मिल्ने और डेरिल मिशेल ने तीन-तीन विकेट लिए।

## टूर्नामेंट के खिताबी मैच में भिड़ेंगे महाराष्ट्र और सौराष्ट्र, ऋतुराज-बावने ने जड़ा शतक

एजेंसी ❑अहमदाबाद

विजय हजारे ट्रॉफी अपने अंजाम तक पहुंचने जा रहा है। महाराष्ट्र और सौराष्ट्र ने बुधवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। महाराष्ट्र की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। फॉर्म में चल रहे कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने के शतक से महाराष्ट्र ने अहमदाबाद में हुए मैच में असम को 12 रन से हरा दिया।



बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर महाराष्ट्र ने गायकवाड़ की 126 गेंद में 168 रन की पारी और बावने के 89 गेंद में 110 रन की बदौलत सात विकेट पर 350 रन का स्कोर खड़ा किया। गायकवाड़ और बावने ने 207 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने 18 चौके और छह छक्के जड़े। यह चार मैच में उनका तीसरा शतक है। बावने ने भी टूर्नामेंट का अपना दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। असम के लिए मुख्तार हुसैन (3/42) सर्वाधिक विकेट लिए। जवाब में स्वरूपम पुरकायस्थ (95) ने असम को दौड़ में बनाए रखा लेकिन टीम निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 338 रन ही बना सकी। राज्यवर्धन हेंगारगेकर (4/65) महाराष्ट्र के सबसे सफल गेंदबाज रहे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट (4/26) के शानदार प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पांच विकेट से हराया। कर्नाटक के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम ने 36.2 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## *इंग्लैंड ने तोड़ा 112 साल पुराना रिकॉर्ड, पहले दिन बनाए 506 रन, चार बल्लेबाजों ने जड़े शतक*

*रावलपिंडी। पाकिस्तान में 17 साल बाद टेस्ट सीरीज खेलने पहुंची इंग्लैंड की टीम ने कमाल कर दिया है। उसने रावलपिंडी में पहले टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तानी गेंदबाजी की बखिया उधेड़ दी। इंग्लैंड ने पहले दिन 75 ओवर में चार विकेट पर 506 रन बना लिए। उसके चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए। जैक क्रॉली ने 122, ओली पोप ने 108, बेन डकेट ने 107 और हैरी ब्रूक ने नाबाद 101 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम किसी टेस्ट के पहले दिन सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बन गई। उसने ऑस्ट्रेलिया के 112 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट ने क्रीज पर उतरते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की कुटाई शुरू कर दी। दोनों ने 35.4 ओवर में पहले विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी की। डकेट 110 गेंद पर 107 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके लगाए। डकेट के आउट होने के कुछ देर बाद ही क्रॉली भी पवेलियन लौट गए। उन्होंने 21 चौकों की मदद से 111 गेंद पर 122 रन बनाए। डकेट को जाहिद महमूद और क्रॉली को हारिस रऊफ ने आउट किया। 235 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद ओली पोप और जो रूट ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 55 गेंद पर 51 रन की साझेदारी की। रूट ज्यादा देर नहीं टिक पाए और 31 गेंद पर 23 रन बनाकर जाहिद महमूद का शिकार बने। उनके बाद ओली पोप और हैरी ब्रूक के साथ पाकिस्तानी गेंदबाजों की धुनाई की। दोनों ने 149 गेंद पर 176 रनों की साझेदारी की। ओली पोप 104 गेंद पर 108 रन बनाकर मोहम्मद अली का शिकार बने। पोप ने अपनी पारी में 14 चौके लगाए।*



## सेंसेक्स 350 अंकों की बढ़त के साथ नई ऊंचाई पर, निफ्टी 18850 के पार



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन पॉजिटिव शुरुआत हुई। सेंसेक्स 258 अंकों की बढ़त के साथ 63357 अंकों पर खुला। वहीं निफ्टी 113 अंकों की मजबूती के साथ 18871 अंकों के लेवल पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 350 से अधिक अंकों की बढ़त दिखी है। फिलहाल यह 63500 अंकों के ऊपर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 18875 अंकों के पार जाकर ट्रेड कर रहा है। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल के बयान के बाद रुपये में मजबूती दिख रही है। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 35 पैसे की मजबूती के साथ 81.07 के लेवल पर कारोबार करता दिख रहा है। बुधवार को भारतीय करेंसी 81.42 के लेवल पर बंद हुआ था।

## पाक में इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर वायरस का हमला, टेस्ट से पहले स्टोक्स समेत कई खिलाड़ी बीमार

एजेंसी ❑रावलपिंडी

इंग्लैंड की टीम फिलहाल पाकिस्तान के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच गुरुवार से रावलपिंडी में टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर वायरल का हमला हुआ है। कप्तान बेन स्टोक्स समेत कई खिलाड़ी बीमार पड़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड की टीम के 14 सदस्यों को टीम होटल में आराम करने को कहा गया है। सिर्फ पांच खिलाड़ी ऐसे हैं, जो बुधवार को प्रेक्टिस करने आए। इनमें जो रूट, जैक क्राउली, हैरी ब्रूक, ओली पोप और कीट जेनिंग्स शामिल हैं।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लिश खिलाड़ियों में कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि खिलाड़ी 24 घंटे में ठीक हो जाएंगे। बुधवार को ही इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 की भी घोषणा की थी। लियाम लिविंगस्टोन टेस्ट में डेब्यू करने जा रहे हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से बातचीत जारी है। ऐसा हो सकता है कि टेस्ट सीरीज के शेड्यूल में बदलाव भी किया जाए। पीसीबी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आगे की स्थिति पर अपडेट देता रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लिश प्लेयर्स और कुछ स्टाफ फूड पॉयजनिंग के शिकार हुए हैं और पेट खराब की समस्या से जूझ रहे हैं। पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11ः जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन फोक्स, लियाम लिविंगस्टोन, जैक लीच, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन।

इंग्लैंड की टीम फिलहाल शानदार फॉर्म में है। स्टोक्स के कप्तान बनने और ब्रैंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से टीम ने अलग ही स्ट्रैटजी के साथ खेल रही है। इसे बैजबॉल इफेक्ट भी कहा गया है। दरअसल, %बैज% मैकुलम का निकनेम है। वह जब से कोच बने हैं तब से इंग्लैंड की टीम कितने भी बड़े स्कोर को आसानी से चेज कर रही है। इंग्लैंड की टीम ने घरेलू मैदान पर पिछले सात में से छह टेस्ट जीते हैं। मैकुलम क्रिस सिल्वरवुड की जगह टेस्ट में कोच बने। जीत से पहले इंग्लैंड की टीम 17 टेस्ट हार चुकी थी। एशेज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-0 से हार भी शामिल है। इसके बाद जो रूट को टेस्ट की कप्तानी से भी हटा दिया गया था। हालांकि, अब इंग्लैंड को पाकिस्तान के खिलाफ उनके घर में टेस्ट खेलना है। वहां स्लो और टर्निंग पिच होंगी। इंग्लैंड ने पाकिस्तान में पिछला टेस्ट 2005 में खेला था। इसके बाद सिक्योरिटी कारणों से कोई टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही थी। हालांकि, अब इंग्लैंड की टीम 17 साल बाद टेस्ट खेलने पाकिस्तान पहुंची है।

### दिल्ली के अलावा गुरुवार को वाराणसी और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डिजियात्रा सुविधा शुरू की गई

# हवाई अड्डे पर अब आपका चेहरा ही बोर्डिंग पास, सिंधिया ने डिजियात्रा सुविधा लॉन्च की

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को डिजियात्रा सुविधा की शुरूआत कर दी है। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में हवाईअड्डे पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डिजियात्रा सुविधा के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों को कागज रहित प्रवेश मिलेगा।

सुरक्षा जांच क्षेत्रों सहित विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्री डेटा को स्वचालित रूप से अपडेट किया जा सकेगा। दिल्ली के अलावा गुरुवार को वाराणसी और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डिजियात्रा सुविधा शुरू की गई। सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आधार-आधारित सत्यापन और एक सेल्फ इमेज कैप्चर का उपयोग करके डिजियात्रा ऐप पर अपना विवरण दर्ज करना होगा। उसके अगले चरण में बोर्डिंग पास को स्कैन करना होता है और अपने क्रेडेंशियल्स को हवाई अड्डे के साथ साझा किया जाता है। एयरपोर्ट के ई-गेट पर यात्री को पहले बार कोडेड बोर्डिंग पास को स्कैन करना होगा। उसके




बाद ई-गेट पर लगा फेशियल रिकग्निशन सिस्टम यात्री की पहचान और यात्रा दस्तावेज को मान्य करेगा। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद यात्री ई-गेट से एयरपोर्ट में प्रवेश कर सकता है। यात्री को सुरक्षा क्लियर करने और विमान में सवार होने के लिए सामान्य प्रक्रिया का पालन करना होगा। डिजियात्रा ऐप का बीटा संस्करण 15 अगस्त को लॉन्च किया गया था। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA) का संचालन करती है। यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है।

डिजियात्रा चेहरे की पहचान तकनीक पर आधारित है और यह बोर्डिंग प्रक्रिया को तेज और निर्बाध बनाएगी। इसके अलावा, डिजियात्रा हवाईअड्डे पर बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। यात्री डेटा एयरलाइंस प्रस्थान नियंत्रण प्रणाली के साथ अटैच होगा इससे केवल निर्दिष्ट यात्री ही टर्मिनल में प्रवेश कर सकेंगे। डिजियात्रा के संचालन के लिए डिजियात्रा फाउंडेशन को नोडल निकाय बनाया गया है। यह एक गैर-लाभकारी कंपनी है। फाउंडेशन के शेयरधारक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल), बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल), दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल), हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एचआईएएल) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) हैं।

## रुपये की मजबूती से सोना 71 रुपये सस्ता हुआ, चांदी भी 66 रुपये टूटी

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार रुपये की मजबूती के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 71 रुपये घटकर 53,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबार में पीली धातु 53,371 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। चांदी भी 66 रुपये गिरकर 63,199 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार ने कहा, %रुपये में मजबूती और वैश्विक जोखिमों को देखते हुए, दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आई है।% वहीं इस दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे मजबूत होकर 81.44 पर पहुंच गया। परमार ने कहा कि कॉमेक्स हाजिर सोना मई 2021 के बाद से अपने सबसे बड़े मासिक लाभ की ओर बढ़ रहा है, डॉलर के संकेतों के बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गति को धीमा करने की तैयारी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों के भाव क्रमश- 1,756.5 डॉलर प्रति औंस और 21.34 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रहे।

## गो फर्स्ट के बेड़े में शामिल हुआ अगली पीढ़ी का ए320एनईओ विमान

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

घरेलू एयरलाइन गो फर्स्ट ने बुधवार को अपने अगली पीढ़ी के विमानों के बेड़े में 55वें एयरबस ए320निओ विमान को शामिल किया। गो फर्स्ट ने अपनी विस्तार योजना के तहत 144 एयरबस ए32निओ विमानों की डिलीवरी का पक्का ऑर्डर दिया है। इस विमान के जुड़ने के साथ ही एयरलाइन के बेड़े में साठ विमान शामिल हो गए हैं। इनमें 55ए32निओ और 5ए32सीईओ भी शामिल हैं। गो फर्स्ट को पहले गो एयर के नाम से जाना जाता था।

गो फर्स्ट की रणनीतिक विकास योजना के मुताबिक, इस विमान को शामिल करने से मौजूदा और नए मार्गों पर बढ़ती मांग में मदद मिलेगी। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौशिक खोना ने कहा, यह हमारे लिए एक खुशी का क्षण है, क्योंकि हम अपने बेड़े में 55वें विमान का स्वागत कर रहे हैं। यह एक मील का पत्थर है जो हमारे विकास को दिखाता है। खोना ने कहा, गो फर्स्ट की टीम आज जहां खड़ी है, वहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। हम यात्रियों को बेहतरीन फ्लाइट एक्सप्रीयंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एयरलाइन कंपनी ने कहा, गो फर्स्ट के पास वैश्विक स्तर पर सबसे लेटेस्ट विमानों का बेड़ा है। ए320निओ विमान




सबसे हल्के विमान ए32सीईओ की तुलना में 17 फीसदी से 20 फीसदी फ्यूल एफिशिंट है। गो फर्स्ट को प्रैट एंड व्हिटन से जल्द ही सर्विस करने योग्य इंजनों की डिलीवरी करने की कन्फर्मेशन मिली है।

## चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी फिसली

### जुलाई-सितंबर तिमाही में 6.3 प्रतिशत रही विकास दर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े बुधवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए। इसके अनुसार दूसरी तिमाही में जीडीपी में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2021-22 की इसी तिमाही में जीडीपी में 8.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट में त्त्र2 में 6.1-6.3 प्रतिशत के बीच विकास दर का अनुमान लगाया था। 2022-23 की पिछली अप्रैल-जून तिमाही के लिए जीडीपी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इन आंकड़ों में वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कृषि और विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आए विस्तार के आंकड़े भी समाहित हैं। कई विश्लेषकों का मानना था कि मुख्य रूप से घटते आधार प्रभाव के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर एकल अंक में रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद थी, जबकि भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी रिपोर्ट में




विकास दर 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 8.4 फीसदी थी। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में, इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.1 से 6.3 प्रतिशत आंकी गई है। दूसरी तिमाही के लिए विभिन्न जीडीपी विकास अनुमान इस वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में दर्ज किए गए 13.5 प्रतिशत के आधे या आधे से भी कम हैं।वहीं, दूसरी ओर सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोर क्षेत्र के उद्योगों की वृद्धि अक्टूबर में घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 8.7 प्रतिशत थी। इस बीच मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.8-7 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने के रास्ते पर है।

#### हवाई अड्डे पर अब आपका चेहरा ही बोर्डिंग पास, सिंधिया ने डिजियात्रा सुविधा लॉन्च की

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को डिजियात्रा सुविधा की शुरुआत कर दी है। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में हवाईअड्डे पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डिजियात्रा सुविधा के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों को कागज रहित प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों सहित विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्री डेटा को स्वचालित रूप से अपडेट किया जा सकेगा। दिल्ली के अलावा गुरुवार को वाराणसी और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डिजियात्रा सुविधा शुरू की गई। सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आधार-आधारित सत्यापन और एक सेल्फ इमेज कैप्चर का उपयोग करके डिजियात्रा ऐप पर अपना विवरण दर्ज करना होगा।

## नवंबर में पेट्रोल-डीजल की बिक्री में डबल डिजिट का इजाफा, फेस्टिव सीजन का मिला फायदा

**नई दिल्ली।** देश में नवंबर महीने में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र की बढ़ती मांग और त्योहारी सीजन पड़ने के कारण पेट्रोल- डीजल की मांग में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। नवंबर महीने में पेट्रोल की बिक्री 11.7 प्रतिशत बढ़कर 26.6 लाख टन हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने में 23.8 लाख टन की खपत हुई थी। यह बिक्री कोविड से प्रभावित नवंबर 2020 की तुलना में 10.7 प्रतिशत अधिक और महामारी पूर्व नवंबर 2019 की तुलना में 16.2 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर में त्योहारी सीजन के कारण पिछले महीने की तुलना में मांग में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। देश में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले ईंधन डीजल की बिक्री पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 27.6 फीसदी बढ़कर नवंबर में 7.32 लाख टन हो गई। नवंबर 2020 की तुलना में डीजल की मांग में 17.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जबकि कोविड काल से पहले वर्ष 2019 के नवंबर महने की तुलना में इसमें 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। डीजल की मांग में सितंबर से हर महीने वृद्धि दिख रही है। अक्तूबर महीने के 6.25 मिलियन टन की तुलना में इसकी खपत 17.1 प्रतिशत बढ़ी है। पेट्रोल और डीजल की बिक्री जून महीने के बाद सबसे अधिक नवंबर महीने में हुई है। घरेलू रसोई गैस की खपत की बात करें तो यह नवंबर में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.55 मिलियन टन पर पहुंच गया है। एलपीजी की खपत नवंबर 2020 की तुलना में 8.4 प्रतिशत जबकि नवंबर 2019 की तुलना में 13.3 प्रतिशत बढ़ी है। मासिक बढ़त की बात करें अक्तूबर महीने की 2.39 मिलियन टन की एलपीजी खपत की तुलना में नवंबर में 7.07 अंकों की बढ़त दर्ज की गई है।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )